Series ABDC2/4

Set No. 2

प्रश्न-पत्र कोड **2/4/2**

अनुक्रमांक

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

हिन्दी (आधार)

HINDI (Core)

निर्धारित समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 40*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड क** और **खण्ड ख** ।*

(iii) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **07** प्रश्न पूछे गए हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

(iv) *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*

खण्ड क
(कार्यालयी हिन्दी और रचनात्मक लेखन) 20

1. निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से किसी ***एक*** शीर्षक का चयन कर लगभग 150 – 200 शब्दों का एक रचनात्मक लेख लिखिए : *1×5=5*

(क) मेरा प्यारा भारत

(ख) आसमान में इन्द्रधनुष

(ग) अति किसी चीज़ की अच्छी नहीं

2. (क) आप नेहा/नवीन हैं । आप अपने विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं । आप अपने विद्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर हास्य कवि-सम्मेलन का आयोजन करवाना चाहते हैं । इसकी अनुमति प्राप्त करने हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या को पत्र लिखिए । *5*

अथवा

(ख) आप सुशीला/सुशील हैं । विद्यालय में अध्यापन के साथ-साथ अन्य सामाजिक और प्रशासनिक गतिविधियों में भी अध्यापक-अध्यापिकाओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहता है । उनके इस कार्य की प्रशंसा करते हुए दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र 'हमारा पेपर' के संपादक को पत्र लिखिए । *5*

3. (i) (क) किसी भी कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय परिवेश तथा उन पर लेखक की टिप्पणियों को दृश्य में नहीं ढाला जा सकता है । इन तत्त्वों को नाटक में किस प्रकार दर्शाया जा सकता है ? स्पष्ट कीजिए । *3*

अथवा

(ख) 'संवाद' से जुड़ा वह कौन-सा तथ्य है जो रेडियो नाटक पर विशेष रूप से लागू होता है और क्यों ? *3*

(ii) (क) सिनेमा या मंच पर अभिनीत नाटकों की तुलना में रेडियो नाटक की अवधि सीमित क्यों रखी जाती है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए । *2*

अथवा

(ख) कहानी को नाट्य रूप में परिवर्तित करते समय उसे दृश्यों में क्यों विभाजित किया जाता है ? *2*

4. (i) (क) समाचार लेखन के छह ककारों का उल्लेख करते हुए बताइए कि पहले चार ककारों में किस पहलू पर और अंतिम दो ककारों में किस पहलू पर जोर दिया जाता है । *3*

अथवा

(ख) अच्छे लेखन के लिए किसी भी पत्रकार को ख़बर लिखते समय किन बातों पर ध्यान देना चाहिए ? *3*

(ii) (क) समाचार लेखन की उलटा पिरामिड शैली क्या है ? समझाइए । *2*

अथवा

(ख) विशेष लेखन किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए । *2*

खण्ड ख
(पाठ्यपुस्तक और अनुपूरक पाठ्यपुस्तक) **20**

5. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(i) "नील जल में या किसी की
गौर झिलमिल देह
जैसे हिल रही हो ।"
– पंक्ति में 'उषा' का सौंदर्य व्यक्त करने के लिए किस उपमान का प्रयोग किया गया है ? स्पष्ट करते हुए भाव-सौन्दर्य लिखिए । *3*

(ii) 'लक्ष्मण-मूर्च्छा और राम का विलाप' प्रसंग के आधार पर लिखिए कि लक्ष्मण के मूर्च्छित होने पर राम की क्या मनोदशा हुई और उन्होंने उसे कैसे व्यक्त किया । *3*

(iii) फ़िराक गोरखपुरी की 'रुबाइयाँ' में भाई-बहन के संबंध को किस प्रकार व्यक्त किया गया है, और राखी के लच्छे को किसकी उपमा दी गई है ? स्पष्ट कीजिए । *3*

6. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *3×3=9*

(i) 'पहलवान की ढोलक' कहानी में पुरानी व्यवस्था और नई व्यवस्था के टकराव से उत्पन्न समस्या को किस प्रकार व्यक्त किया गया है ? स्पष्ट कीजिए । *3*

(ii) नमक की पुड़िया ले जाने या न ले जाने के बारे में 'सफ़िया' के मन में कैसा द्वन्द्व था ? 'नमक' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए । *3*

(iii) पेशा बदलने की अनुमति न होना भारत में बेरोज़गारी का एक प्रमुख और प्रत्यक्ष कारण कैसे बना हुआ है और इसके क्या परिणाम संभावित हैं ? 'श्रम विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । *3*

(iv) 'समता' को काल्पनिक जगत की वस्तु क्यों माना गया है ? डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समता की आवश्यकता पर बल क्यों दिया है ? 'मेरी कल्पना का आदर्श समाज' पाठ के आधार पर लिखिए । *3*

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *3+2=5*

(i) (क) 'मुअनजो-दड़ो' और 'हड़प्पा' को भारत के ही नहीं दुनिया के सबसे पुराने उत्कृष्ट शहर के रूप में क्यों जाना जाता है ? 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर कारण सहित लिखिए । *3*

अथवा

(ख) "स्मृतियाँ मेरे लिए पोशाकों की तुलना में ज़्यादा मायने रखती हैं ।" – 'डायरी के पन्ने' पाठ से उद्धृत ऐन फ्रैंक के इस कथन की समीक्षा कीजिए । *3*

(ii) (क) अपने पापा को ए.एस.एस. से बुलाए जाने की बात सुनकर ऐन फ्रैंक अवाक् क्यों रह गई थी ? 'डायरी के पन्ने' पाठ के आधार पर लिखिए । *2*

अथवा

(ख) मुअनजो-दड़ो के घरों में टहलते हुए लेखक को कुलधरा की याद क्यों हो आई ? 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर लिखिए । *2*